राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 22 दिसम्बर। राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादीलाल मीणा तथा तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ.सुभाष गर्ग ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

जनसुनवाई के दौरान श्री परसादीलाल मीणा एवं डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। श्री मीणा एवं डॉ. गर्ग के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज तथा श्री राजेन्द्र यादव मौजूद रहे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के कारण दिनांक 27, 28 एवं 29 दिसम्बर, 2021 को जनसुनवाई स्थगित रहेगी। अगली जनसुनवाई दिनांक 03 जनवरी, 2022 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर होगी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 22 दिसम्बर। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री हीरालाल देवपुरा की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री डॉ. महेश जोशी, श्री परसादीलाल मीणा, राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, स्व. श्री देवपुरा जी के परिवार के सदस्य डॉ. गणपत देवपुरा, श्रीमती मधुश्री देवपुरा, डॉ. कुसुम देवपुरा, काम्या माहेश्वरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, श्री राजेन्द्र यादव, प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री अय्यूब खान, श्री आर. आर. तिवाड़ी, श्री सुरज्ञानसिंह घोसल्या, श्री कैलाश सोयल, श्री आर. सी. शाह, श्री गोपाल केशावत, श्री वीरेन्द्र पूनियां, श्री मंजू शर्मा, श्री इकबाल खान, श्री अब्दुल रज्जाक भाटी, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री राजू खान, श्री महेश अग्रवाल, श्री शरीफ खान, श्री दीपक धीर, श्री जयकिशन, श्री मित्रोदय गाँधी, श्री राजेश पाण्डे, श्री रामकरण कुमावत, श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन, श्री खांगाराम चौधरी सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्री हीरालाल देवपुरा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 22 दिसम्बर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री पी. वी. नरसिम्हा राव की पुण्यतिथि के अवसर पर कल दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter